## फ्रांस से इंटर्नशिप पूरी कर लौटे पंतनगर विष्वविद्यालय के छात्र, कुलपति से साझा किए अनुभव

पंतनगर। 17 मई 2025। पन्तनगर कृषि विश्वविद्यालय के 20 छात्र डेफिया कंसोर्टियम कार्यक्रम के तहत फ्रांस में एक महीने की अंतर्राष्ट्रीय इंटर्नशिप पूरी कर सफलतापूर्वक लौट आए हैं। यह इंटर्नशिप 9 मार्च से 4 अप्रैल 2025 तक चली, जो फ्रांस के कृषि एवं खाद्य संप्रभुता मंत्रालय और पंतनगर विश्वविद्यालय के बीच हुए एक सहयोगात्मक समझौते का परिणाम है।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को फ्रांस के प्रमुख कृषि एवं खाद्य संस्थानों में आधुनिक कृषि तकनीक, खाद्य विज्ञान और खाद्य प्रौद्योगिकी में व्यावहारिक अनुभव और पेशेवर प्रशिक्षण प्रदान करना था। चयनित छात्र कृषि, कृषि अभियांत्रिकी, कृषि व्यवसाय प्रबंधन, सामुदायिक विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी जैसे विविध संकायों से थे, जिससे ज्ञान का बहुआयामी आदान–प्रदान संभव हो सका।

इंटर्नशिप से लौटने के उपरांत छात्रों के साथ विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने मुलाकात की। इस अवसर पर छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए प्रस्तुतियों के माध्यम से तकनीकी सीख, सांस्कृतिक आदान–प्रदान और सतत कृषि प्रणालियों के विषय में जानकारी दी। कुलपति ने उनकी उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि छात्रों को इस अनुभव का उपयोग भारतीय कृषि और खाद्य प्रणाली में नवाचार लाने के लिए करना चाहिए।

इस अंतर्राष्ट्रीय पहल का समन्वयन विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के निदेशक डा. एच.जे. शिव प्रसाद द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस तरह के अनुभव छात्रों को वैश्विक स्तर पर व्यावसायिक कौशल विकसित करने में सहायक होते हैं। विद्यार्थियों ने प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों में इंटर्नशिप के लिए अवसर देने हेतु कुलपति को धन्यवाद ज्ञापित किया।